Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 19 जनवरी, 2024

रामायण पर स्टाम्प बुक

- हाल ही में **भारत के प्रधानमंत्री** ने दुनिया भर से **रामायण पर टिकटों** की एक **पुस्तक** के साथ **राम मंदिर** पर स्मारक **डाक टिकट** जारी किया।
    - इसके डिज़ाइन के घटकों में निर्माणाधीन **राम मंदिर**, **अयोध्या में बहने वाली सरयू नदी** और मंदिर के अंदर तथा उसके आसपास की **मूर्तियाँ** शामिल हैं।
        - पुस्तक में **अमेरिका, न्यूज़ीलैंड, सिंगापुर, कनाडा, कंबोडिया** और संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठनों सहित 20 से अधिक देशों द्वारा जारी टिकटों को शामिल किया गया है।
    - **रामायण** की रचना महर्षि वाल्मीकि ने की थी। यह **प्रेम की जीत** का संदेश देता है और लोगों को मानवता से जोड़ते हुए कठिन-से-कठिन समय में **त्याग**, **एकता** तथा **बहादुरी** की शिक्षा देता है।

ऑपरेशन अमृत

- **केरल के औषधि नियंत्रण विभाग** ने एंटीबायोटिक के अति प्रयोग को रोकने के लिये **ऑपरेशन अमृत (Operation AMRITH)** शुरू किया है।
    - इस पहल के तहत, फार्मेसियों को सटीक एंटीबायोटिक बिक्री रिकॉर्ड रखना होगा और एक पोस्टर प्रदर्शित करना होगा जिसमें 'डॉक्टर के नुस्खे के बिना एंटीबायोटिक्स नहीं बेची जाएंगी' का उल्लेख होना चाहिये।
        - जनता इस उपाय के गैर-अनुपालन की रिपोर्ट औषधि नियंत्रण विभाग को भी कर सकती है।
    - वर्ष 2018 में **केरल भारत की राष्ट्रीय कार्य योजना** के अनुरूप, **AMR पर KARSAP** राज्य कार्य योजना शुरू करने वाला पहला भारतीय राज्य बन गया। **केरल सरकार** ने इसी तरह की विभिन्न पहल लागू की हैं:
        - **एंटीबायोटिक साक्षर केरल अभियान**
        - सभी 191 ब्लॉकों में **ब्लॉक-स्तरीय AMR** समितियों की स्थापना
        - **केरल रोगाणुरोधी प्रतिरोध निगरानी नेटवर्क (KARS-NET)**
        - केरल **राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा एएमआर प्रयोगशाला** का उद्घाटन
        - अप्रयुक्त एंटीबायोटिक दवाओं के उचित निपटान के लिये **अप्रयुक्त दवाओं को हटाने पर कार्यक्रम (PROUD)**।



//

और पढ़ें: रोगाणुरोधी प्रतिरोध

ऑस्ट्रेलियन ओपन में सुमित नागल ने वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराया

- **ऑस्ट्रेलियन ओपन** के शुरुआती दौर में **कज़ाखस्तान** के **अलेक्जेंडर बुब्लिक** को हराकर **सुमित नागल वर्ष 1989 के बाद** ग्रैंड स्लैम में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले **पहले भारतीय** बन गए, इसके बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन में **मैट विलेंडर** पर **रमेश कृष्णन की जीत** हुई।
  - लेकिन तीन वर्ष बाद उन्होंने **11 बड़े रिकॉर्ड** तोड़ दिये जब उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन एकल मुख्य ड्रॉ में भारतीय प्रतिनिधित्व अर्जित करने के लिये एलेक्स मोल्कन को हराया।
  - **ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट को** एक **बड़ी प्रतियोगिता** भी कहा जाता है, जो **चार सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण वार्षिक टेनिस प्रतियोगिताओं में से एक** हैं।
    - ग्रैंड स्लैम कार्यक्रम में जनवरी के मध्य में **ऑस्ट्रेलियन ओपन**, मई के अंत से जून की शुरुआत तक **फ्रेंच ओपन**, जून-जुलाई में **विंबलडन** तथा अगस्त-सितंबर में **यूएस ओपन** शामिल हैं।
    - **ऑस्ट्रेलियाई और यूएस ओपन टूर्नामेंट हार्ड कोर्ट पर, फ्रेंच टूर्नामेंट मिट्टी पर तथा विंबलडन घास पर खेले जाते हैं।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-19-january-2024